ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 16.07.2021

''वातावरण स्वच्छ बनायेगें,संचारी रोग भगायेंगें''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत दिनांक आज दिनांक 16.07.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया विशेष सफाई अभियान।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 16.07.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर नगर में आमजन को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियत्रंण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर व नगर को एक अच्छा वातावरण मिल सकें। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु एवं नगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किये जाने हेतु नगर निगम से सहायक नगर आयुक्त एवं अवर अभियंताओ व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/सहायक नोडल अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने, सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि इस अभियान के अन्तर्गत होने वाले किसी भी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जायें। दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विशेष सफाई अभियान, सेनेटाइजेशन का कार्य, एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया गया। माइक्रो प्लान के अन्तर्गत आज दिनांक 16.07.2021 को नगर क्षेत्र के सफाई जोन–01 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में दिलाजाक, सफाई जोन–02 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित की देखरेख में बाडूजई प्रथम, सफाई जोन–03 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देखरेख में खलीलशर्की, सफाई जोन–04 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख में रंगमहला एवं सफाई जोन–05 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में सराय काईयां में विशेष सफाई अभियान के साथ–साथ सेनेटाइजेशन व एण्टरलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु सहायक अभियंता (जल) को निर्देश दिये गये है। साथ ही सामुदायिक शौचालय, पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई व्यवस्था एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु, खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत रोस्टर के अनुसार दिनांक 17.07.2021 को लोधीपुर, तारीन टिकली, गौहरपुरा, किला, ख्वाजा फिरोज में सफाई का कार्य, सेनेटाइजेशन एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य कराया जायेगा।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 16.07.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कालोनी, डाक बंगला, दुर्घटना न्यायालय, एमनजई जलालनगर, दिलाजाक में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित आर्य महिला इण्टर कॉलेज, बहादुरगंज में हाई सेकेन्डरी स्कूल, राम प्रसाद बिस्मिल स्कूल, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज, आर्य कन्या जूनियर स्कूल, आर्य कन्या प्राइमरी स्कूल, बाडुजई प्रथम व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अन्तर्गत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा हयातपुरा, बिजलीपुरा, बाबूजई एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, गॉधी पार्क, मोक्षधाम, रंगमहला, बाला तिराही, अजीजगंज एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा दलेलगंज, सराय काईयां, तारीन गाड़ीपुरा, ख्वाजा फिरोज में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 16.07.2021 को लगभग 4265 स्थलों तथा 650 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।